प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- राजनीतिक सरगर्मी के बीच भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी दिल्ली पहुंचे, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से की मुलाकात।
- पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन दिल्ली से कल लौटेंगे झारखंड, 30 को भाजपा में होंगे शामिल, केन्द्र सरकार ने दी जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की घोषणा– गरीबों का बकाया बिजली बिल माफ करेगी सरकार।
- राज्य में मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन, ड्राफ्ट के मुकाबले मतदाताओं की संख्या में शून्य दशमलव चार नौ प्रतिशत की आयी कमी, युवा वोटरों की संख्या 10 लाख से अधिक।
- झारखंड हाईकोर्ट ने कहा– राज्य में कानून व्यवस्था फेल, सिर्फ नेताओं और मंत्रियों को मिलता है स्पेशल ट्रीटमेंट।

****

राजनीतिक सरगर्मी के बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आज दिल्ली पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। माना जा रहा है कि पार्टी नेताओं से श्री मरांडी की राज्य की मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई।

****

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन कल दिल्ली से झारखंड लौटेंगे। माना जा रहा है कि कल ही वे मंत्री पद और झामुमो की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देंगे। इस बीच केन्द्र सरकार ने श्री सोरेन की सुरक्षा बढ़ा दी है। उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गयी है। इससे पहले चंपाई सोरेन ने घोषणा की कि वे 30 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनेंगे।

****

इधर, चंपाई सोरेन प्रकरण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए झामुमो के वरिष्ठ नेता मनोज पांडेय ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जिन्होंने भी पार्टी का साथ छोड़ा है, उनका राजनीतिक भविष्य सुरक्षित नहीं रहा।

****

भारतीय जनता पार्टी दो सितम्बार से एक सदस्यता अभियान की शुरूआत करेगी। नई दिल्ली में आज मीडिया को जानकारी देते हुए भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि मौजूदा सभी सदस्यों को अपनी सदस्यता के नवीनीकरन की आवश्यकता होगी।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज संताल परगना की सात लाख से ज्यादा महिलाओं के बीच मंइयां सम्मान योजना के तहत 73 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में हस्तांतरित किया। दुमका में आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्री सोरेन ने कहा कि आने वाले समय में कृषि ऋण माफी की तरह ही राज्य के गरीब उपभोक्ताओं का बकाया बिजली बिल भी माफ करने की पहल राज्य सरकार करेगी।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज लोहरदगा जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं और आम नागरिकों से सीधा संवाद किया। राज्यपाल ने लोगों से जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा है कि उनके द्वारा प्रायोजित विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बगैर किसी रूकावट के आमजनों को मिले।

****

आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष और गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने आज रांची से जन जागरण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि जन जागरण कार्यक्रम के माध्यम से आजसू पार्टी लोगों के बीच जाएगी और राज्य सरकार की वादा खिलाफी से अवगत कराएगी।

****

झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर आज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि ड्राफ्ट के मुकाबले अंतिम प्रकाशन में मतदाताओं की संख्या में शून्य दशमलव चार नौ प्रतिशत की कमी आयी है। उन्होंने यह भी बताया कि 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 10 लाख से अधिक है।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने आज स्वतः संज्ञान लिये एक मामले की सुनवाई करते हुए मौखिक रूप से कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल है। सिर्फ नेताओं और मंत्रियों को स्पेशल ट्रीटमेंट मिलता है। अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि शुक्रवार को भाजपा की युवा आक्रोश रैली के दौरान हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी काफी देर तक कांके रोड में जाम में फंसे थे। इसके बाद अदालत के निर्देश पर आज डीजीपी, रांची डीसी, एसएसपी और ट्रैफिक एसपी अदालत में पेश हुए।

****

कोडरमा में निर्माणाधीन फोरलेन के किनारे ही वे साइड एमेनिटी सेंटर बनाया जाएगा, जहां लोग लंबे सफर की थकान मिटाने के साथ अन्य सुविधाओं का भी लाभ ले सकेंगे। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

साउण्ड बाईट – गजेन्द्र बिहारी सिन्हा, कोडरमा – 28 सेकेण्ड

*********समाप्त*****************